# हरियाणा विधान सभा

## बजट सत्र 2025

## तारांकित प्रश्न

## 20 मार्च, 2025

----

**कुल प्रश्न 20**

----

### पुल का निर्माण कार्य पूरा करना

***121 श्री हरिन्द्र सिंह ( होडल):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें ) मंत्री कृपया बताएंगे कि:-
क) क्या यह तथ्य है कि हसनपुर में यमुना नदी पर पुल का निर्माण करने की घोषणा माननीय मुख्यमंत्री द्वारा की गई थी ;
ख) क्या यह भी तथ्य है कि उत्तर प्रदेश की सीमा की तरफ उपरोक्त पुल का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है; तथा
ग) हरियाणा की तरफ उपरोक्त पुल का शेष निर्माण कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

### सड़कों का निर्माण करना

***122 श्रीमती गीता भुक्कल ( झज्जर):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें ) मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या निम्नलिखित सड़कों के निर्माण का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है:-
क) गांव मातनहेल से साल्हावास वाया मुडंसा, भिरोड, अकेहड़ी मदनपुर तथा लडायन तक क्षतिग्रस्त सडक़;

ख) झज्जर से बहु वाया छुछकवास, मातनहेल, सासरौली तथा खानपुर झाड़ली तक चार मार्गी सड़क; तथा
ग) झज्जर शहर से बहादुरगढ़ वाया गांव कबलाना तक क्षतिग्रस्त सड़क?

----

## माइनरों का निर्माण कार्य शुरू करना

*123 **श्री गोकुल सेतिया (सिरसा):**

क्या सिचांई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे कि:-
(क) क्या सिरसा में धिंगतानीया माइनर तथा भम्भूर माइनर का निर्माण कार्य शुरू करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा
(ख) यदि हां, तो उपरोक्त माइनरों का निर्माण कार्य कब तक शुरू किए जाने की संभावना है?

----

## डंपिंग यार्ड को स्थानांतरित करना

*124 **श्री रघुबीर तेवतिया (पृथला):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:-
(क) क्या यह तथ्य है कि गांव फिरोजपुर में पूरे पलवल नगर परिषद का कचरा डाला जा रहा है तथा गांव अल्लाहपुर, फिरोजपुर तथा अगवानपुर के लोगों के लिए डंपिंग यार्ड के आस-पास रहना दुश्वार हो गया है तथा डंपिंग यार्ड से निकलने वाली दुर्गन्ध से उनका जीवन दुभर हो गया है; तथा
(ख) यदि हां, तो उक्त डंपिंग यार्ड तथा इसके कचरे को इन गांवों से दूर किसी अन्य जगह स्थानांतरित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचारधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## कच्चे रास्ते को पक्का करना तथा सड़कों के निर्माण करना

*125 **श्री कपूर सिंह (बवानी खेड़ा):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि:-
(क) क्या गांव मिलकपुर से औरंग नगर तक कच्चे रास्ते को पक्का करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक पक्का किए जाने की संभावना है; तथा
(ख) क्या यह तथ्य है कि मुख्यमंत्री द्वारा विपणन बोर्ड को निम्नलिखित 7 सड़कों की स्वीकृति भेजी गई है लेकिन उक्त सड़कों का निर्माण कार्य अभी तक शुरू नहीं किया गया है:-

i) वार्ड नंबर 3, बवानी खेरा से सूंदर नहर तक;
ii) गांव जाटू लुहारी से प्रेम नगर तक;
iii) रेलवे फाटक, बवानी खेड़ा से भुरटाना तक;
iv) गांव सिरसा घोघड़ा से रेलवे लाइन तक;
v) बुकलाना जोहड़, बलियाली से सांगवान तक;
vii) बामला-रेवाड़ी खेड़ा सड़क से ढाणी हरसुख तक;
viii) गांव रोहनात से हाजमपुर तक; तथा
(ग) यदि हां, तो उपरोक्त सड़कों का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## चिकित्सकों के रिक्त पदों को भरना

***126 श्री निखिल मदान (सोनीपत):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:-
(क) क्या यह तथ्य है कि सोनीपत नागरिक अस्पताल में सिविल सर्जन (सामान्य शल्य चिकित्सक), नेत्र विशेषज्ञ, हड्डी रोग सर्जन सहित चिकित्सकों के विभिन्न पद रिक्त पड़े हैं; यदि हां, तो सरकार द्वारा इस संबंध में क्या पग उठाए गए हैं तथा उसका ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या यह भी तथ्य है कि सोनीपत जिले की जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए उपरोक्त अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन, एम.आर.आई मशीन तथा कैथ लैब की बहुत आवश्यकता है; तथा
(ग) यदि हां, तो उपरोक्त अस्पताल में अल्ट्रासाउंड तथा एम.आर.आई. मशीनें कब तक उपलब्ध कराई जाने की संभावना है तथा कैथ लैब को कब तक स्थापित की जाने की संभावना है?

----

## खरीफ चैनल के हिस्से को पक्का करना

***127 श्री बलवान सिंह दौलतपुरिया (फतेहाबाद):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे कि:-
(क) क्या हिसार-घग्गर बहुउद्देशीय खरीफ चैनल (राजवाहा) के हिस्से रामसरा (फतेहाबाद) गांव से ओटू बीयर (सिरसा) को आर.सी.सी. का उपयोग करके पक्का करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा
(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## अस्पताल तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का निर्माण कार्य पूरा करना

***128 श्री भगवान दास (नीलोखेडी):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:-
क) निम्नलिखित हेल्थ केयर संस्थानों के निर्माण कार्यों को पूरा करने के लिए पुनः निविदों को कब तक आमंत्रित किए जाने की संभावना है:-
(i) नीलोखेड़ी में 100 बैड का अस्पताल के लिए वर्ष 2019 में रु० 1784 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई थी;
(ii) प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गुल्लरपुर जिसके लिए वर्ष 2017 में 3 करोड 60 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई थी;
(iii) प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सागा जिसके लिए वर्ष 2018 में 3 करोड़ 92 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई थी;
(iv) प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र समाना बाहू जिसके लिए वर्ष 2019 में मुख्यमंत्री की घोषणा संख्या 20759 के अंतर्गत 3 करोड़ 60 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई थी; तथा
ख) उपरोक्त वर्णित हैल्थकेयर संस्थानों के निर्माण कार्यों को कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## एक राज्य विश्वविद्यालय को स्थापित करना

***129 चौ. मामन खान ( फिरोजपुर झिरका):**

क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपया बताएंगे कि:-
क) राज्य में जिलावार राज्य/केन्द्रीय विश्वविद्यालयों की संख्या कितनी है; तथा
ख) क्या नूंह जिले में एक राज्य विश्वविद्यालय स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसकी स्थापना कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## अमृत सरोवर योजना के तहत खर्च की गई तथा बकाया राशि का ब्यौरा

***130 श्रीमती रेनू बाला (साढौरा):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि वित्त वर्षों 2022-23 तथा 2023-24 के तहत अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत साढ़ौरा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में सरकार द्वारा कितना बजट खर्च किया गया है तथा कितनी राशि बकाया है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## नई सीवर लाइन का कार्य पूरा करना

***131 श्री चन्द्र प्रकाश ( आदमपुर):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे कि:-
(क) क्या यह तथ्य है कि मंडी आदमपुर कस्बे में नई सीवर लाइन बिछाने का कार्य लगभग दो वर्षों से प्रक्रिया में है तथा कार्य अभी तक अधूरा पड़ा है;
(ख) यदि हां, तो कार्य करने वाली एजेंसी का नाम, अनुबंध की तिथि, संविदा की राशि

तथा संविदा अनुबंध के अनुसार उक्त कार्य को पूरा करने के लिए समय सीमा क्या है; तथा
(ग) उक्त स्थल पर अब तक कुल कितना कार्य पूरा हो चुका है तथा इसके कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## चिकित्सा अधिकारियों के रिक्त पदों को भरना

*132 **श्री राजबीर फरटिया ( लोहारू):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि लोहारू में उप-मण्डल नागरिक अस्पताल, (एस.डी.सी.एच) में चिकित्सा अधिकारियों के स्वीकृत 11 पदों में से 7 पद रिक्त पड़े हैं तथा उक्त रिक्त पदों को कब तक भरे जाने की संभावना है?

----

## भूजल का घटता स्तर

*133 **डॉ. कृष्ण कुमार (बावल):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या बावल विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव राजगढ़, धारण, नरसिंहपुर गढी, टाकडी तथा आस-पास के गांवों में भूजल के घटते स्तर की समस्या का समाधान करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा
(ख) यदि हां, तो उक्त कार्य कब तक शुरू किए जाने की संभावना है?

----

## सड़कों की मरम्मत करना

*134 **श्री बलराम दाँगी (महम):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सडकें ) मंत्री कृपया बताएंगे किः-
क) क्या यह तथ्य है कि महम विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के अंतर्गत आने वाली निम्नलिखित सडकें खराब स्थिति में हैंः-
I) गांव डोभ से भिवानी सड़क तक;
ii) गांव बैंसी से गुग्गाहेड़ी तक;
iii) गांव भाली वाया गद्दी खेड़ी से हिसार सड़क तक;
iv) लाखन माजरा बस स्टॉप से लाखन माजरा रेलवे फ्लाईओवर तक;
v) लाखन माजरा, जींद सड़क से हिसार सड़क वाया खैरंटी, गिरावड़ और मदीना; तथा
ख) यदि हां, तो क्या उपरोक्त सड़कों की मरम्मत करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उपरोक्त सड़कों की मरम्मत का कार्य कब तक शुरू किए जाने की संभावना है?

----

## नव-निर्मित भवन में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान को स्थानांतरित करना

***135 श्री राम कुमार कश्यप (इंद्री):**

क्या युवा अधिकारिता तथा उघमिता राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि इंद्री विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के खंड कुंजपुरा के गांव चोरपुरा में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान को इसके नव-निर्मित भवन में कब तक स्थानांतरित किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## पार्क /झील तथा रिवर फ्रंट को विकासित करना

***136 श्री घनश्याम दास ( यमुनानगर):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या हमीदा हेड पर एक पार्क /झील तथा रिवर फ्रंट विकसित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा उक्त प्रस्ताव को कब तक क्रियान्वित किए जाने की संभावना है?

----

## उपरि पुल का निर्माण करना

***137 सरदार मनदीप चट्ठा (पेहोवा):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें ) मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि पेहवा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव उरनाई तथा धनीपुरा गांव के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 152 पर बनी क्रॉसिंग बहुत ही खतरनाक हो गई है तथा इसके निर्माण के बाद से इसके कारण कम से कम 12-13 मौतें हुई हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 152 पर उपरि पुल के निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ग) उपरोक्त उपरि पुल का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## स्टेडियम में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना

***138 श्रीमती विनेश (जुलाना):**

क्या खेल राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या यह तथ्य है कि जुलाना में निर्मित खेल स्टेडियम में चारदीवारी के अतिरिक्त अभी तक कोई भी सुविधाएं नहीं हैं, तथा

ख) यदि हां, तो उपरोक्त स्टेडियम में मूलभूत सुविधाएं कब तक उपलब्ध कराए जाने की संभावना है?

----

## अस्पताल के भवन का निर्माण कार्य शुरू करना

***139 श्री देवेंन्द्र कादियान (गन्नौर):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:-
(क) क्या यह तथ्य है कि गन्नौर में 50 बेड का अस्पताल स्वीकृत किया गया है, परंतु उस अस्पताल के भवन का निर्माण कार्य अभी तक शुरू नहीं हुआ है; तथा
(ख) यदि हां, तो उक्त अस्पताल का निर्माण कार्य कब तक शुरू किए जाने की संभावना है?

----

## नशीली दवाओं की तस्करी के विरुद्ध पंजीकृत मामलों की संख्या

***140 श्री अर्जुन चौटाला (रानिया):**

क्या मुख्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:-
(क) राज्य में हरियाणा राज्य मादक पदार्थ नियंत्रण ब्यूरो द्वारा 1 जनवरी, 2019 से दिसंबर, 2024 तक नशे के कारोबार के संबंध में कुल कितने व्यक्तियों के विरुद्ध मामले दर्ज किए गए हैं तथा उनसे संबंधित मामलों की संख्या कितनी है;
(ख) उपरोक्त मामलों में गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की संख्या कितनी है तथा न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या कितनी है तथा उन मामलों की संख्या क्या है जिनमें अभियुक्तों को दोषसिद्ध किया गया है; तथा
(ग) उपरोक्त अवधि के दौरान सरकार द्वारा जब्त की गई दवाओं का श्रेणीवार ब्यौरा क्या है तथा जब्ती के समय उक्त वस्तुओं का बाजार मूल्य क्या था तथा इसका जिलावार ब्यौरा क्या है?

----